

कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्बाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्बाद करती है।
- शिव खेड़ा

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

## बरेली के प्रमुख समाचार


- बरेली बवाल: तौकीर को सभी 10 मुकदमों में किया नामजद-II
- बिशप कॉनराड और मानस स्थली बने विजेता -III
- धूमधाम से निकाली महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा-IV


### सिटी ब्रीफ

### दो दिन बारिश से लुढ़का तापमान, ठंड का असर शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में दो दिन बारिश से मौसम पूरी तरह से बदल गया है। दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, इसकी वजह से हल्की ठंड का असर शुरू हो गया है। मंगलवार को भी कई इलाकों में सुबह तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में बीते 24 घंटे में 23 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इसके अलावा अधिकतम तापमान 25 .8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 .2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### 64 लाख की बकाया राशि वसूलने के लिए विभाग सख्त

**बरेली, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज विभाग ने 64 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि वसूलने के लिए एडीएम एफआर को पत्र लिखा है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2017–18 की ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के लिए है, जो कि ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सचिवों पर बकाया है। इनमें भुता ब्लॉक के गांव सहौलिया महोलिया के तत्कालीन सचिव महेश से 177354 रुपये, गांव नाद अनगनी के महेश चंद्र से 413827 रुपये, दमखोदा के गांव पचुआ के सचिव छेदालाल से 439970 रुपये, बसुपुरा के सचिव छेदालाल से 10,85,797 रुपये और खमरिया गोपाडांडी के छेदालाल से 5,82,614 रुपये की वसूली निकाली गई है। डीपीआरओ ने निर्धारित समय सीमा बीतने पर भू–राजस्व की भांति धनराशि की वसूली के लिए एडीएम एफआर को पत्र भेजकर अनुरोध किया है।

### निगम के रिटायर्ड कर्मचारियों का आवास शुल्क हो शून्य, सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण सेवा समिति की ओर से सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष सुरेश चंद्र कश्यप ने बताया कि पूर्व में आयोजित हुई बोर्ड बैठक में नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवास शुल्क शून्य होने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया था लेकिन लंबा समय गुजरने के बाद भी इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका है। जिससे कर्मचारियों ने रोष है। उन्होंने मेयर से मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रस्ताव का क्रियान्वयन कराने की मांग की है। इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी शाह आलम, सचिव अरविंद कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।




शहर में मंगलवार सुबह हुई तेज बारिश से सिटी स्टेशन रोड पर भीषण जलभराव हो गया। एक तरफ दीवार पर लिखा स्लोगन बेहतर से बेहतरीन बरेली की असली सच्चाई बता रहा है।



सुभाषनगर में भीषण जलभराव से होकर गुजरते लोग और बच्चे। ● अमृत विचार

# नाला सफाई पर करोड़ों खर्च, बारिश ने खोल दी निगम की पोल

## 2 दिन हुई कुछ-कुछ देर की बारिश में शहर के तमाम हिस्सों में रहा जलभराव, जनकपुरी और मॉडल टाउन जैसे पॉश इलाकों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दो दिन रुक रुक कर हुई बारिश ने एक बार फिर नगर निगम के नालों की सफाई के दावों की पोल खोल दी है। शहर के प्रमुख सड़कों के साथ ही तमाम इलाके जलमग्न हो गए। शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन और जनकपुरी समेत दो दर्जन से अधिक इलाकों में हुए भीषण जलभराव से लोग काफी परेशान नजर आए।


नगर निगम हर साल नाला सफाई पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर रहा है। इसके बावजूद जरा सी बारिश में शहर के तमाम पॉश और पुराने इलाके जलभराव से जूझते हैं। नगर निगम ने इस वर्ष नालों की सफाई पर साढ़े पांच करोड़ रुपये खर्च करने का दावा कर रहा है, लेकिन सोमवार की शाम और मंगलवार की सुबह हुई कुछ-कुछ देर की बारिश में शहर का तमाम हिस्सा डूबा नजर आया। शहर के मॉडल टाउन, राजेंद्र नगर, जनकपुरी, सुभाष नगर तिलक कॉलोनी, सिटी स्टेशन रोड, कुंवर पुर तलैया, मढ़ीनाथ, नेकपुर, राजेंद्र नगर, मॉडल टाउन, बदायूं रोड, गणेश नगर, बिहारीपुर, हजियापुर, रोहलीटोला, कांकरटोला समेत दो दर्जन से अधिक इलाकों में जलभराव से लोग जूझे। सुभाष नगर के नेकपुर मोहल्ले की सड़कों पर जलभराव होने के बाद घरों में भी पानी घुस गया, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित रहे।



पॉश इलाके राजेंद्रनगर में भीषण जलभराव स्मार्ट सिटी के दावों की पोल खोल रहा है। ● अमृत विचार



डीडीपुरम में भी बारिश से भीषण जलभराव हो गया। ● अमृत विचार



तिलक कॉलोनी में भरा पानी। ● अमृत विचार

- सुभाष नगर, कुंवरपुर, बिहारीपुर रोहलीटोला समेत पुराने इलाके घंटों पानी में डूबे रहे
- सुबह हुई तेज बारिश से गलियों में ही नहीं सड़कों पर भी भरा पानी, लोग हुए परेशान

### सफाई के बाद भी कूड़े से अटे नाले

नगर निगम के दावों को कूड़े और पॉलिथिन से भरे नाले और नालियां आइना दिखा रहे हैं। शहर के ज्यादातर नाले कूड़े से पटे हुए हैं। इन नालों के चोक होने की वजह से उनमें मोहल्लों के छोटे नालों के पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। कई वार्डों में सड़कों के साथ ही घरों में भी पानी भर रहा है। लोगों को इस वजह से दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

### घरों से नहीं निकले निगम कर्मी

जिस प्रकार से दो से चार घंटे की बारिश में शहर में जलभराव की स्थिति बन रही है इससे नगर निगम की नालों की सफाई के दावे कागजी साबित हो रहे हैं। हैरत की बात तो यह है कि भीषण जलभराव की जानकारी होने के बाद भी निगम अधिकारियों ने एक भी वार्ड में जाकर स्थिति की पड़ताल तक करने की जहमत नहीं उठाई।

### पुलिया में बह रही धार, गंदगी से अटा नाला



शहर में सर्वाधिक दिक्कत सुभाष नगर पुलिया से गुजरने वाले लोगों को झेलनी पड़ी, दरअसल, पुलिया के आवागमन मार्ग पर करीब चार फुट तक पानी रहा, जिससे इधर से गुजरने पर कई वाहन फिसलने से बचे, ये समस्या इस कारण भी बनी कि इसके पास से गुजरने वाला बड़ा नाला गंदगी से अटा था। निगम की टीम ने सुध नहीं ली तो स्थानीय लोगों ने ही समस्या को देखते हुए चोक नाले की गंदगी को डंडों से साफ करने का बीड़ा उठाया।







# जिले की चार लाख महिलाओं को दिवाली पर मिलेगा मुफ्त सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिवाली के मौके पर सरकार की तरफ से उज्ज्वला योजना के तहत जिले की चार लाख से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। हालांकि योजना के पात्र लोगों को गैस एजेंसी पर सिलेंडर की कीमत के पैसे देने होंगे, लेकिन एक सप्ताह के अंदर ही सभी पैसे लाभार्थी के खाते में वापस आ जाएंगे। जिला पूर्ति अधिकारी की तरफ से जिलेभर की गैस एजेंसियों को मुफ्त सिलेंडर को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं।



जिले में उज्ज्वला योजना के तहत 4 लाख 16 हजार कनेक्शन हैं। ऐसे में चार लाख 16 हजार गैस कनेक्शन धारकों को सरकार की तरफ से दिवाली का उपहार दिया गया है। अक्टूबर माह में उज्ज्वला गैस धारकों को गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। इसको लेकर मुख्यालय की तरफ से पूर्ति विभाग कार्यालय में आदेश आ गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि एलपीजी एजेंसियों को इसके लिए निर्देश दिए गए हैं कि समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए और वितरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को गैस सिलेंडर की कीमत देना होगी, लेकिन एक सप्ताह के अंदर सभी पैसे उनके खाते में सब्सिडी के रूप में आ जाएंगे।

- उज्ज्वला योजना के तहत सरकार की तरफ से महिलाओं को दिया गया उपहार

# डेंगू के पांच नए मरीज मिले, 13 हुई संख्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में मलेरिया के बाद अब डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिला अस्पताल में बुखार आने पर भर्ती हुए पांच मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सभी को वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। इनमें दो मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है।

जिला अस्पताल में डेंगू मलेरिया मरीजों के लिए 10 बेड का वार्ड बनाया गया है। पिछले एक सप्ताह से यहां मलेरिया से ग्रसित एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है लेकिन 24 घंटे में डेंगू के पांच नए मरीजों को यहां शिफ्ट किया गया है। सभी मरीजों के लिए मच्छरदानी के साथ ही पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जिले में मलेरिया का प्रकोप बीते माह की तुलना में कम है, अब तक मलेरिया के 1891 मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं डेंगू के मरीजों की संख्या अब 13 पहुंच गई है।



डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज।

# गोरखपुर में मरे शेर की मौत का रहस्य खोलेगा आईवीआरआई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्राणी उद्यान में मरे बब्बर शेर की मौत के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए उसका विसरा अब बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) भेजा गया है। आईवीआरआई के कैड्रेड सेक्शन में वैज्ञानिकों की टीम विसरे की जांच करेगी। संस्थान के विशेषज्ञों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार शेर की मौत मिर्गी का दौरा पड़ने से हुई प्रतीत होती है, हालांकि अंतिम पुष्टि विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

- प्राणि उद्यान में मरे शेर का विसरा पहुंचा, कैड्रेड सेक्शन के वैज्ञानिक करेंगे जांच

जानकारी के अनुसार, गोरखपुर प्राणी उद्यान में रविवार की रात लगभग आठ वर्षीय बब्बर शेर की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उद्यान प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विसरा सुरक्षित किया और नियमानुसार जांच के लिए आईवीआरआई भेजा। इस विसरे की जांच में बॉयोकेमिकल और टॉक्सिकोलॉजिकल टेस्ट किए जाएंगे, जिससे यह पता लगाया जा सके कि शेर के शरीर में कोई जहरीला तत्व या संक्रमण तो नहीं था।

आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बताया कि इस प्रकार के मामलों में मौत के कारण की सही जानकारी के लिए विसरा जांच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जांच रिपोर्ट आने में लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शेर की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या किसी बाहरी कारण की भूमिका थी।

# इज्जतनगर, राजेन्द्र नगर में 5 घंटे से अधिक गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में मंगलवार की सुबह हुई बारिश के बाद बिजली का संकट गहरा गया। इज्जतनगर और राजेन्द्रनगर में पांच घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग के चलते भी उपभोक्ता परेशान होते रहे। सुबह के समय बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल की भी समस्या हो गई।

- बारिश के चलते मंगलवार की सुबह गहराया बिजली का संकट

इज्जतनगर सबस्टेशन की 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से तड़के चार बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक बिजली का संकट रहा। इसके अलावा लोहिया विहार सबस्टेशन के बरेली 3 फीडर पर मंगलवार को काम कराने के चलते सुबह 11 से लेकर दोपहर 1 बजे तक बिजली का संकट बना रहा। महानगर सबस्टेशन के मुंशीनगर, सरदार जी कॉलोनी में फेस नहीं आने से उपभोक्ताओं को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा सिविल लाइंस क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में ट्रांसफार्मर का डियू उड़ जाने से एक घंटे तक बिजली का संकट बना रहा, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पार्षद शशि सक्सेना ने बताया कि राजेन्द्र नगर में मंगलवार की दोपहर 3 बजे से लेकर रात 8 बजे तक लगातार बिजली गुल रही। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मिशन सब स्टेशन, आलमगिरीगंज और सुभाषनगर के अलावा किला सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी बारिश के चलते फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### रात में सबस्टेशनों पर तैनात होंगे लाइनमैन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने ग्रामीण क्षेत्र के सबस्टेशनों पर रात में लाइनमैन तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि दिवाली के समय उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके। मुख्य अभियंता को रविवार रात नवाबगंज सबस्टेशन पर निरीक्षण के दौरान रात में स्टाफ न होने के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा कि अधिकारी लगातार सबस्टेशन पर निरीक्षण करके आपूर्ति की समस्या देखें।

# दिवाली और छठ पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दिवाली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है। इनमें अक्टूबर में चलने वाली विभिन्न पूजा स्पेशल ट्रेनों में पर्याप्त सीटें और बर्थ उपलब्ध हैं।

रेलवे प्रशासन ने छपरा, गोरखपुर, मऊ, लालकुआं, गोमती नगर, बढ़नी और वाराणसी से चलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। जानकारी के अनुसार 05049 छपरा-अमृतसर पूजा स्पेशल में 10 और 17 अक्टूबर को सैकड़ों बर्थ खाली हैं, जबकि 05305 छपरा-आनंद विहार टर्मिनल में भी 9, 13 और 16 अक्टूबर को वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं।

- अधिकारियों के अनुसार रेल यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल

05060 लालकुआं-कोलकाता और 04607 छपरा-अमृतसर ट्रेनों में भी अक्टूबर के कई दिनों के लिए बर्थ खाली हैं। इसी प्रकार गोरखपुर-नारंगी (05634), मऊ-अंबाला कैंट (05301), गोमती नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (05325), और बनारस-कोलकाता (05047) जैसी पूजा स्पेशल ट्रेनों में भी बुकिंग के पर्याप्त अवसर हैं। गोरखपुर से चलने वाली 03132 सियालदह, 09112 वडोदरा, 03528 आसनसोल, 08630 रांची, 03678 धनबाद, 05977 डिब्रूगढ़ और 04021 नई दिल्ली पूजा विशेष ट्रेनों में भी 10 से 30 अक्टूबर के बीच विभिन्न तिथियों पर बर्थ उपलब्ध हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर चुका है।

### अमौसी स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग से राज्यरानी निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अमौसी रेलवे स्टेशन पर 13 अक्टूबर तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से दो जोड़ी ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस (लखनऊ-मेरठ सिटी) को 8 अक्टूबर को निरस्त किया गया है। वहीं 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस (मेरठ सिटी-लखनऊ) को 9 अक्टूबर को निरस्त रखा गया है।

# बरेली बवाल : तौकीर को सभी 10 मुकदमों में किया नामजद

## जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल में पुलिस पर पथराव और फायरिंग मामले में अलग-अलग थानों में दर्ज हुई थीं 10 एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सात में पहले से थे नामजद, अब तीन और मुकदमों में खुला नाम
- एक मुदकमे में किया गया था गिरफ्तार, फतेहगढ़ जेल में हैं बंद

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के इशारे पर 26 सितंबर को शहर में जुमे की नमाज के बाद पुलिस पर पथराव और फायरिंग कर दंगा कराने का प्रयास किया गया था। शहर में हुए बवाल के बाद अलग-अलग थानों में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए गए थे। अब इन सभी मुकदमों में मौलाना तौकीर रजा खां को नामजद किया गया है। मौलाना तौकीर सात मुकदमों में पहले ही नामजद थे। इनमें से कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे में उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करते हुए दुकानों में तोड़-फोड़ की थी। शहर में बवाल कराने के लिए गैर जनपद से गैंगस्टर तक बुलाए गए थे। साथ ही पश्चिम बंगाल और बिहार से लोगों को बुलाया गया था। एसपी सिटी मानुष पारीक के गनर का एंटी रायट गन छीनते हुए पुलिस का वायरलेस सेट भी उपद्रवियों ने लूट लिया था। बवाल के बाद कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, प्रेमनगर और कैंट थाने में एक-एक मुकदमा लिखा गया था। बवाल की साजिश रचने के आरोप में इनमें सात मुकदमों में तौकीर रजा को नामजद किया गया था। अब उन्हें सभी मुकदमों में साजिशकर्ता के रूप में नामजद किया गया है। उधर, पुलिस फरार उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दे रही हैं। थाना पुलिस के साथ ही एसओजी समेत अन्य टीमें लगाई गई हैं।


बवाल करने वाले उपद्रवियों पर लाठीचार्ज करता पुलिसकर्मी।(फाइल फोटो)

### सीएए-एनआरसी में भी नामजद किए गए थे तौकीर

केंद्र सरकार की तरफ से 2019 में लाए गए कानून सीएए और एनआरसी का विरोध जिले में जोरों से की गई थी। उस दौरान शहर में ही खास समुदाय के 30 हजार लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें मौलाना तौकीर रजा को भी आरोपी बनाया गया था। बारादरी में थाने में एक मुकदमा दर्ज कर 25 को और देवरनियां में एक मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को आरोपी बनाया गया था। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जबकि, मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ विवेचना चल रही है। इस मामले में भी मौलाना तौकीर रजा खां का बी वारंट जारी हुआ है।

### मीरगंज में एंटी रायट गन बेचने का हो गया था सौदा

बवाल में शामिल रहे गिरफ्तार दो गैंगस्टरों ने बताया था कि बवाल वाले दिन दोनों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक के गनर की एंटी रायट गन लूट कर फरार हो गए थे। इसके बाद वह सीधा नदीम खां से मिले और उसके बाद जनपद से फरार हो गए। इतना ही नहीं गन लूटते समय सिपाही ने विरोध किया तो दोनों ने तमंचे से फायर भी किया। लूटी हुई एंटी रायट गन को दोनों ने बेचने के लिए मीरगंज में किसी से सौदा किया था, लेकिन बिना गन देखे रेट फाइनल न होने के कारण उसे लेकर लेकर शहर आते समय पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार करके लूटी हुई गन बरामद कर लिया।

### तौकीर कोर्ट में हो सकते हैं पेश



- कोर्ट ने मौलाना तौकीर के खिलाफ सभी 10 मुकदमों में जारी किया बी वारंट

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में पुलिस पर पथराव और फायरिंग कर दंगा कराने की साजिश रचने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां 14 अक्तूबर को कोर्ट में पेश किया जा सकता है। उनके खिलाफ न्यायालय ने छह साल पहले सीएए-एनआरसी के विवाद के दौरान प्रदर्शन करने और 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद शहर में बवाल कराने में दर्ज किए गए 10 मुकदमों में बी वारंट जारी किया है। मौलाना तौकीर को मौजूदा समय में फतेहगढ़ की जेल में रखा गया है। उन्हें कोतवाली पुलिस ने बवाल के दौरान दर्ज एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर 26 सितंबर को नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करते हुए दुकानों में तोड़-फोड़ की थी। पुलिस ने इस प्रकरण में 10 मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें मौलाना तौकीर रजा समेत 125 लोगों को नामजद कराते हुए करीब तीन हजार अज्ञात उपद्रवियों को आरोपी बनाया गया था। पूर्व में पुलिस ने सात मामलों में मौलाना तौकीर रजा को नामजद किया था, लेकिन जांच के बाद उन्हें बवाल कराने का मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए सभी सभी 10 मुकदमों में नामजद करते हुए पुलिस ने बवाल के नौ मुकदमों और सीएए-एनआरसी के विरोध प्रदर्शन के दौरान नामजद एक अन्य समेत 10 मुकदमों में बी वारंट लेने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई थी। कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ बी वारंट जारी कर दिया है। हालांकि शहर के माहौल को देखते हुए पुलिस ने उन्हें इन सभी मामलों में 14 अक्तूबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी की तैयारी कर रही है।

## सिटी ब्रीफ

### कार न देने पर एक माह में नवविवाहिता को घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र की युवती का विवाह एक महीने पहले बदायूं के युवक के साथ हुआ था। ससुराल वालों ने दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसका जेवर भी छीन लिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव भूड़ा निवासी भावना ने बताया कि उसकी शादी 4 सितंबर को अढौली वसोमा थाना उझानी बदायूं निवासी पंकज साहू के साथ हुई थी। उसकी शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए गए थे। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल में कुछ दिनों तक तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में ससुराल के लोगों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसके पति पंकज साहू, ससुर गोधनलाल साहू, सास मलका, जेठ रवि, रमन, जेठानी विमलेश, कमलेश, देवर अंकित और नंद रेखा समेत नन्दोई विजेंद्र ने कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया। सभी आरोपी उसे मायके से पांच लाख रुपये और एक कार लाने का दबाव बना रहे थे।

### जेठ ने महिला से की दुष्कर्म की कोशिश

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके जेठ ने छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार दिन बाद पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे उसके जेठ ने उसे जबरन पकड़ लिया और छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर उसका पति और अन्य ससुराल वाले आ गए। उसने सारी बात पति को बताई। आरोप है कि इसके बावजूद उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर बेल्टों से पिटाई की।

### सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो डाले

**बरेली, अमृत विचार :** देवरनियां क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की सोशल मीडिया पर किसी ने फर्जी आईडी बना कर उसका अश्लील फोटो डाला। पीड़िता ने साइबर सेल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दरगाह का सम्मान तौकीर रजा राजनीतिक व्यक्ति : ऐरन



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने मंगलवार को कहा कि वह दरगाह आला हजरत का सम्मान करते हैं, लेकिन आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां राजनीतिक व्यक्ति हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना तौकीर रजा से उनका राजनीतिक विरोध है। मौलाना तौकीर रजा खुद चुनाव लड़े थे। आगे कहा कि वह बचपन से दरगाह के इलाके में रहे हैं। ऐसे में वह दरगाह आला हजरत का सम्मान करते हैं, लेकिन वह दरगाह का प्रतिनिधित्व करते हैं ऐसा हम नहीं मानते हैं।

## रामपुर में आज आजम से मिलेंगे अखिलेश, बरेली में पुलिस अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- त्रिशूल एयरपोर्ट पर आते-जाते होगा 15 मिनट का ठहराव सड़क मार्ग से जाएंगे रामपुर और वापस आएंगे
- बवाल में पुलिस कार्रवाई की जद में आए परिवारों से भी मिलने की कोशिश कर सकते हैं अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री आजम खान से बुधवार को रामपुर में मुलाकात करेंगे। जेल से छूटने के बाद अखिलेश की आजम से यह पहली मुलाकात होगी। इसके लिए लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से रवाना होकर अखिलेश यादव सुबह बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां लगभग 15 मिनट ठहराव रहेगा। इसके बाद वापसी में भी सड़क मार्ग से बरेली पहुंचेंगे और एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। आशंका यह है कि अखिलेश यादव बरेली बवाल में पुलिस कार्रवाई की जद में आए लोगों से मुलाकात कर सकते हैं।

बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के बाद यह मुद्दा एक सियासी रंग ले चुका है। लगातार विपक्ष के नेता बरेली आने के लिए बेताब हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन विपक्ष के नेताओं को या तो बीच में ही रोक दे रहा है या फिर उनके घरों पर हाउस अरेस्ट कर लिया जा रहा है। ऐसे में अखिलेश यादव के आगमन को लेकर एक दिन पहले ही सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं।

इधर, बताया जा रहा है कि आजम खान के जेल से छूटने पर अखिलेश यादव के उनसे दूरी बनाए रखने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे। ऐसे में बुधवार को होने वाली मुलाकात सपा में आजम खान की भविष्य में भूमिका को साफ करेगी। इधर, सूत्रों के मुताबिक, पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी अखिलेश यादव से मुलाकात की कोशिश कर सकते हैं। साथ ही यह भी संभावना जताई जा रही है कि वह बवाल में पुलिस कार्रवाई की जद में आए परिवारों से मिलने की कोशिश कर सकते हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और बरेली एयरपोर्ट से लेकर रामपुर बॉर्डर तक सतर्कता बढ़ा दी है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मयंक शुक्ला ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कल का कार्यक्रम यथावत है। वह कल बरेली एयरपोर्ट से बाय रोड रामपुर जाकर आजम खान और उनके परिवार से मिलेंगे। वापसी में एयरपोर्ट बरेली से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आप नेताओं को रास्ते में रोका गया सुनीता गंगवार भी रहीं हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कांड के पीड़ितों से मिलने आ रहा था 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल
- बरेली के भी चार नेता थे शामिल सभी स्थानीय नेता दिन भर रहे नजरबंद

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुआ बवाल सियासी रंग ले चुका है। दरअसल, लगातार विपक्ष के नेता बरेली जाने के लिए बेताब हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन ने विपक्ष के नेताओं के लिए नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। बीते दिनों सपा और कांग्रेस के नेता नजरबंद किए थे। वहीं, मंगलवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर आम आदमी पार्टी का 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल बरेली कांड के पीड़ितों से मिलने के लिए आने वाला था। इसमें बरेली से चार लोग शामिल थे। इसमें पार्टी की रोहिलखंड उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार को उनके आवास पर दिन निकलते ही पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष आदि भी नजरबंद किए गए।

सुनीता गंगवार ने बताया यह बीजेपी सरकार का यह प्रायोजित कार्यक्रम है और हिंदू-मुसलमान के बीच में बंटवारा बनाए रखने की साजिश है। आरोप लगाया कि जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे धार्मिक उन्माद फैलाए जाते हैं। योगी सरकार पुलिस और बुलडोजर के दम पर शासन करना चाहती है, जबकि देश संविधान के दम से चलता है। सुनीता गंगवार ने कहा आज सरकार की तानाशाही चरम सीमा पार कर चुकी है। आम आदमी पार्टी को रोकने के लिए योगी सरकार की पुलिस पूरी तरह से तत्पर है, लेकिन अपराध को रोकने के लिए पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी सरकार की बुलडोजर की विनाश लीला जारी है।


अपने घर में हाउस अरेस्ट आप नेता सुनीता गंगवार एडवोकेट। ● अमृत विचार

## नदी में डूबी छात्रा का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र में शरद पूर्णिमा पर रामगंगा नदी में स्नान करने के दौरान डूबी छात्रा अनीता का अब तक सुराग नहीं लगा है। परिजनों और ग्रामीणों के साथ एनडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि बहाव ज्यादा तेज था, ऐसे में उसके काफी दूर जाने की भी आशंका है। फिलहाल तलाश जारी है।

फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि गांव मोहम्मदपुर निवासी राधेलाल की बेटी अनीता (17) और पड़ोसी राजू की बेटी पूनम (17) फरीदपुर के एक इंटर कालेज में 11वीं की छात्रा थीं। सोमवार को शरद पूर्णिमा पर सुबह 7 बजे खल्लपुर गांव में स्नान करने के दौरान दोनों डूब गई थीं। पूनम का शव देर शाम मिल गया लेकिन अनीता का दूसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल सका है।

## अमन और शांति का पैगाम देता है इस्लाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना शहाबुद्दीन ने इजराइल और फिलिस्तीन की जंग के लिए हमास को ठहराया जिम्मेदार
- आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कट्टरपंथी संगठनों की आलोचना की

**अमृत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार को कहा कि इस्लाम अमन और शांति का पैगाम देता है, जबकि कुछ कट्टरपंथी संगठन इस्लाम धर्म को बदनाम कर रहे हैं। मौलाना ने इजराइल और फिलिस्तीन की जंग के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया।

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार को उपजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि फिलिस्तीन के शहर गाजा में इजराइल की ओर से की जा रही बम बारी से हजारों लोगों की जानें जा चुकी हैं, पूरा शहर खंडहर बन चुका है, जिसकी तस्वीरों को दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि इजराइल को हमास ने यह सब करने का मौका दिया। जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन उग्रवादी विचारधाराओं की निंदा की जो धर्म का सहारा लेकर नौजवानों को भड़काती हैं। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी संगठन इस्लाम की नहीं बल्कि एक कट्टर और राजनीतिक सोच का समर्थन करता है। यह सोच सूफी परंपरा की मोहब्बत और अमन से कोसों दूर है। फिलिस्तीन के मुद्दे का असली हल शांति, संवाद और राजनीतिक प्रक्रिया के रास्ते से ही संभव है।

उलमा ने कहा कि यासिर अराफ़ात ने फिलिस्तीन की आजादी और सम्मान के लिए संघर्ष करते हुए हमेशा अमन और बातचीत को प्राथमिकता दी थी। भारत और फिलिस्तीन के रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं, जब से गाजा में इजराइल से जंग शुरू हुई, तो मानवीय आधार पर सबसे पहले भारत सरकार ने राहत सामग्री गाजा के लिए भेजी। इस दौरान मौलाना मुजाहिद हुसैन, मुफ्ती फारुख रजवी, मौलाना अनीसुर रहमान, तहसीन रजा खां, शाहिद रजवी, फैसल इस्लाम मौजूद रहे।



सिविल लाइंस स्थित उपजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते मौलाना शहाबुद्दीन।

## मुल्जिम की आयु निर्धारण रिपोर्ट न भेजने पर सीमएओ पर 100 रुपये जुर्माना

- 12 साल पहले फतेहगंज पूर्वी में युवक की हत्या से जुड़े मामले में कोर्ट का आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली:** 12 साल पहले युवक की हत्या मामले में अभियुक्त की आयु निर्धारण को चिकित्सकों के पैनल गठन करने संबंधी रिपोर्ट अदालत न भेजने पर अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने सीएमओ पर 100 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुख्य कोषाधिकारी को सीएमओ के वेतन से हर्जे की रकम काटकर कोर्ट में जमा कराने का आदेश दिया है। 8 अक्टूबर को दोबारा रिपोर्ट तलब की है।

वर्ष 2013 में थाना फतेहगंज पूर्वी में दर्ज हत्या के मामले में मो. शकील चावली अभियुक्त हैं। लम्बे समय से अदालत में केस विचाराधीन है। कोर्ट ने सीएमओ से 4 अक्टूबर तक रिपोर्ट तलब की थी कि उनके द्वारा अभियुक्त की आयु निर्धारण के लिए डॉक्टरों का पैनल कब और किस तिथि को गठित किया गया, लेकिन सीएमओ ने पैनल गठित किये जाने संबंधी रिपोर्ट कोर्ट को नहीं भेजी। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उल्लेखित किया कि हत्या जैसे गंभीर मामले में जो पिछले 11 साल से लंबित है। सीएमओ को 6 सितंबर को चिकित्सकों का पैनल गठित कर मुल्जिम की आयु के बाबत अपनी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था लेकिन एक माह बीतने के बाद भी आदेश के पालन में कोई आख्या कोर्ट को नहीं भेजी गयी।

## किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष कैद

- कोर्ट ने दोषी पर 25 रुपये का जुर्माना भी लगाया

**विधि संवाददाता, बरेली:** आठ साल पहले 15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी थाना इज्जतनगर के गांव ग्राम नगरिया कला निवासी मो. शरीफ को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने तीन वर्ष कारावास और 2500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि वह कक्षा 7 की छात्रा है। जब वह 9 दिसम्बर 2017 को दोपहर 3 बजे स्कूल से घर वापस आ रही थी तभी रास्ते में शरीफ खड़ा था। वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा बोला उठाकर ले जाऊंगा, पता भी नहीं चलेगा। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट, अपमानित करने, धमकी देने, पॉक्सो, एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। कोर्ट ने अपमानित करने, धमकी देने, एससी एक्ट में बरी कर छेड़छाड़, मारपीट, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में सजा सुनायी। अभियोजन ने 7 गवाह पेश किये।

## बरेली में 4 को मनेगा अपना दल का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मासिक बैठक में स्थापना दिवस मनाने की परखीं तैयारियां

**अमृत विचार:** अपना दल एस की मंगलवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मासिक बैठक में आगामी 4 नवंबर को होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम बरेली में कराए जाने पर पार्टी हाईकमान व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का आभार व्यक्त किया और कहा यह कार्यक्रम पश्चिमी यूपी की राजनीति में महा परिवर्तन का संकेत होगा, जिसकी गूंज पूरी यूपी में सुनाई देगी।

जिलाध्यक्ष एड. अनुज कुमार गंगवार ने कहा कि स्थापना दिवस की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम में करीब 25 हजार लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। मुख्य अतिथि प्रो. ताला खान ने कहा कि आगामी चुनावों में अपना दल एस दमखम के साथ अपना प्रदर्शन करेगा, चाहें वह जिला पंचायत हो या 2027 के विधानसभा चुनाव। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव नीरज मिश्रा ने कहा पार्टी का उद्देश्य है कि प्रदेश में तीसरे स्थान से आगे बढ़कर सबसे बड़ी पार्टी बनना और इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन के साथ जुटे हुए हैं। निशांत सक्सेना ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी अपनी ताकत और जनाधार का प्रदर्शन कर पश्चिमी यूपी की राजनीति में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

इं. मनीष कुमार, अजय गंगवार, अतुल पटेल, एड. गोपेंद्र पटेल, परितोष विजेता, देवानंद पटेल, अक्षर सक्सेना आदि मौजूद रहे।


मासिक बैठक में शामिल अपना दल एस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## सिटी ब्रीफ

### 69वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से

**बरेली, अमृत विचार** : 69वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता गुरु गोविंद सिंह इंटर कालेज के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि डीएम अविनाश सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी देवयानी और संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार रहेंगे। इसमें जिले के आसपास के विद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। कॉलेज के खेल प्रशिक्षक आदेश यादव ने बताया कि प्रतियोगिता अंडर-14,17 और 19 वर्गों में आयोजित होगी। इसमें 17 से 19 अक्टूबर तक बदायूं में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता के लिए भी खिलाड़ियों चयन होगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद, प्रधानाचार्य अरविन्दर कौर सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

### कल समाप्त हो जाएंगी स्पेशल बैक परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्पेशल बैक परीक्षाएं 9 अक्टूबर को समाप्त हो जाएंगी। परीक्षाएं 3 अक्टूबर से शुरू हुई हैं।

# बिशप कॉनराड और मानस स्थली बने विजेता

## इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक मीट का समापन



विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल व अन्य। ● अमृत विचार


कार्यक्रम का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि व एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: दिल्ली पब्लिक स्कूल में इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का मंगलवार को समापन हुआ। बालिका वर्ग में बिशप कॉनराड सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैंट और बालक वर्ग में मानस स्थली आवासीय विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड द्वितीय और सेंट मारिया गोरेट्टी तृतीय स्थान पर और बालक वर्ग में जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल द्वितीय और चाइल्ड केयर बिशप स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। मीट में बरेली के 32 विद्यालयों के 600 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन और टीम भावना का भी संचार करते हैं। कहा कि सफलता केवल अंकों की दौड़ मात्र नहीं है बल्कि शिक्षा के असल उद्देश्य यानी कि हमें मानवता के उच्च शिखर पर ले जाने में है। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने देश के निर्माण में बच्चों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल सफलता की सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी हैं। यहां से हम सीधे तौर पर देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने सभी विद्यालयों के कोचों और टीमों के योगदान की सराहना की और कहा कि यह आयोजन स्कूलों के छात्रों के बीच खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल ने कहा कि हम बरेली के सभी स्कूलों के बच्चों के साथ यह आयोजन प्रत्येक वर्ष इस उम्मीद के साथ रखते हैं कि आप में से ही कोई ओलंपिक के लिए तैयार होगा। डीपीएस के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन छात्रों में खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डीपीएस बरेली के प्रो वाइस चेयरमैन मुख्तारुल अमीन और डायरेक्टर जफरूल अमीन ने प्रधानाचार्य और एसोसिएशन के सभी सदस्यों और प्रतिभागियों को बधाई दी। कोषाध्यक्ष सौभाग्य चौधरी ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक के परिणाम घोषित किए।

# आईएमए की नवंबर में होगी प्रदेश स्तरीय कांफ्रेंस


आईएमए की प्रदेश स्तरीय कांफ्रेंस की जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार**: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली शाखा की ओर से प्रदेश स्तरीय कांफ्रेंस का आयोजन नवंबर में किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल गाजियाबाद से बरेली पहुंचे और बरेली के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां से संबंधित जानकारी ली।

आईएमए यूपी के एडिटर जनरल डॉ. रवीश अग्रवाल ने विस्तार से जानकारी दी। डॉ. शरद अग्रवाल ने बताया कि आईएमए बरेली देश की अग्रणी एवं प्रमुख शाखाओं में शामिल है। बरेली को प्रदेश स्तरीय कॉन्फ्रेंस कराने की जिम्मेदारी दी गई है ये गर्व की बात है। इस कॉन्फ्रेंस में पूरे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और एनसीआर क्षेत्र के 1000 से अधिक चिकित्सक भाग लेंगे।

इस मौके पर कॉन्फ्रेंस चेयरमैन डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश, आईएमए यूपी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा, आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. विनोद पागरानी, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. अनूप आर्य, डॉ. सतेंद्र सिंह व डॉ. विपुल कुमार उपस्थित रहे।

## सड़क धंसी


एडीएम कंपाउंड के पास मंगलवार शाम सड़क धंसने के बाद लगाया लाल कपड़ा। ● अमृत विचार

# डॉ. विधिना को मिला सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



सीएम से पुरस्कार पातीं डॉ. विधिना।

**अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने एक बार फिर देश में मान बढ़ाया है। हाल ही में महाराष्ट्र में लोक नेता साहेब रोहिदास पाटिल की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की दंत चिकित्सक डॉ. विधिना पाटिल को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिष्ठित खानदेश कन्या पुरस्कार से सम्मानित किया।

डॉ. विधिना ने बताया कि यह पुरस्कार उन्हें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तराखंड में सबसे बड़े मुख स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए दिया गया। इन शिविरों में मुख स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर 20,477 वंचित बच्चों को प्रत्यक्ष और लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ। इस पूरे जागरूकता अभियान का मार्गदर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रधानाचार्य डा. सत्यजीत नायक ने किया। सम्मान मिलने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने डॉ. विधिना को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# आगरा की जीत, बुंदेलखंड दोनों मैच हारा

● **जीबी पंत अंडर-16 स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता में वाराणसी और चंदौली की भी जीत**

**बरेली, अमृत विचार**: स्कूल क्रिकेट ऑफ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से निशांत क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित जीबी पंत अंडर-16 स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। आगरा ने पीलीभीत को 1 रन, वाराणसी ने बुंदेलखंड को 10 विकेट और चंदौली ने बुंदेलखंड को 159 रनों से हराया।

पहले मैच में बुंदेलखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर महज 67 रन बनाए। बुंदेलखंड का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वाराणसी की ओर से समीर, आयुष, हरिओम और प्रांजल ने 2-2 विकेट हासिल किये। वाराणसी की टीम ने महज चार ओवरों में ही जीत हासिल कर ली। शिवांश यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 नाबाद रन बनाए। मैन ऑफ द मैच समीर यादव को चुना गया।

दूसरे मैच में आगरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए। सोनू यादव ने 34 और कृष्णांश ने 30 रन बनाए। पीलीभीत के लिए कामरान और चिरंजीव ने 1-1 विकेट हासिल किया। पीलीभीत की टीम लक्ष्य के करीब पहुंचने के बावजूद भी जीत नहीं सकी। टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी और उसे एक रन से हार मिली। विवेक वर्मा ने 34 और तन्मय प्रताप सिंह 27 रनों का योगदान दिया। आगरा के अर्पित, पृथ्वी ने 2-2 विकेट और तहा, आजाद, कृष्णांश ने 1-1 विकेट लिया। मैन आफ द मैच कृष्णांश अग्रवाल को चुना गया।

तीसरे मैच में चंदौली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 179 रन बनाये। इसमें सत्यम यादव ने नाबाद 79 और सक्षम ने 68 रन बनाये। बुंदेलखंड के गेंदबाज दिव्यऋषि ने 3 और शादाब ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए बुंदेलखंड की टीम सभी विकेट खोकर महज 20 रन पर ढेर हो गयी।

चंदौली के अमन चौधरी ने 5, धनंजय ने 3, कृष्णा और आदित्य ने 1-1 विकेट लिये। मैन आफ द मैच अमन चौधरी को चुना गया। मैच में अंपायरिंग अजय गुप्ता, पिंटू चौधरी, अनुज चौहान, संदीप पॉल, सारोज ने की। एससीएयूपी सचिव अखिल दीक्षित ने बताया कि तीन मैच खेले जाएंगे।

# दिव्य गीता सत्संग में मुक्त जीवन पर चर्चा


ज्ञानानंद महाराज का मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, उपाध्यक्ष अश्विनी ओबेरॉय और

**बरेली, अमृत विचार**: मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का मंदिर प्रबंध समिति ने भव्य स्वागत किया। महिला मंडल ने महाराज की आरती उतारी। महाराज ने दिव्य गीता सत्संग का भक्तों को श्रवण करवाया, जिसमें तनाव, दबाव एवं चिंता मुक्त जीवन पर चर्चा भी की। व्यास पीठ पर ज्ञानानंद महाराज का मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, उपाध्यक्ष अश्विनी ओबेरॉय और समिति के अन्य सदस्यों ने माल्यार्पण किया। मंदिर सचिव रवि छावड़ा ने बताया कि कार्तिक माह में महिला मंडल की सदस्यों की ओर से प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 6:30 बजे तक सभी भगवानों की आरती की जाएगी उसके बाद पंडित जी के द्वारा कार्तिक की कथा एवं महिमा का वर्णन किया जाएगा।

### बरेली कॉलेज में बीए अंग्रेजी के स्पेशल बैक की मिड टर्म परीक्षा 9 को

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में बीए पंचम व षष्टम सेमेस्टर के अंग्रेजी साहित्य विषय के स्पेशल बैक और छूटी हुई मिड टर्म परीक्षा 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कमरा नंबर 4 में होगी। इसके अलावा स्पेशल बैक और छूटे हुए विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का प्रोजेक्ट 10 अक्टूबर को 12 बजे विभाग में जमा करना होगा। विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को 8 अक्टूबर तक विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रोजेक्ट टॉपिक्स से जुड़ी सूचना प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम चयनित


प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और प्रदेशीय क्रीड़ा संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय ट्रायल हुए, जिसमें बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम में बरेली के धीरज गुप्ता, गौरव मद्देशिया, प्रशांत सिंह, शिव प्रकाश, हर्षित वार्ने, संस्कार भारद्वाज, अभिषेक बिष्ट, मो. उजैर, तन्मय मौनी, अरुण सिंह अधिकारी, पीलीभीत के जतिन चौधरी, यश सोनकर और शाहजहांपुर के मो. अनस खान, प्रवीण कुमार, अक्षित सिंह, सैय्यद जियाउल इस्लाम का चयन हुआ। अतिरिक्त के रूप में बरेली के नमन सैनी और शाहजहांपुर के अपर्ण सिंह का चयन हुआ। इस मौके पर जिला फुटबॉल संघ के अमरजीत सिंह बक्शी, सचिव मून रौविंशन, कोच आशु भारती, मंजूर हसन आदि मौजूद रहे।

# यूपी अंडर-19 टीम में बरेली के दक्ष चंदेल का हुआ चयन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



**अमृत विचार**: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की है। वीनू मांकड़ ट्रॉफी रांची में 9 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इसकी अंडर-19 टीम में बरेली के युवा खिलाड़ी दक्ष चंदेल का चयन किया गया है। दक्ष टीम के साथ जुड़ने रांची के लिए रवाना हो गए हैं।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बाएं हाथ के स्पिनर दक्ष चंदेल के चयन से अकादमी में उत्साह का माहौल है। अकादमी के कोच मनीष सिंह ने बताया कि दक्ष ने हाल ही में वीनू मांकड़ ट्रॉफी के ट्रायल मैचों में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया और आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन की पूरी संभावना है। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने अब तक कई प्रतिभाशाली बाएं हाथ के स्पिनर तैयार किए हैं। इनमें अनंत भटनागर, अर्पित यादव और शुभम मिश्रा शामिल हैं। दक्ष के चयन पर उनके माता-पिता अमित सिंह एवं नीरजा चौहान, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, अध्यक्ष सरफराज वली खां, उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर, संयुक्त सचिव ओपी कोहली, आदेश तिवारी व रोहित चौहान, मो. यूसुफ, अनुज शर्मा ने दक्ष को शुभकामनाएं दीं।

# राधेश्याम के प्रेरणादायक व्यक्तित्व को किया याद

● **अर्बन हाट में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक की श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**


राधेश्याम को श्रद्धा सुमन अर्पित करते विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार।

**अमृत विचार**: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और क्षेत्रीय छात्रावास प्रमुख राधेश्याम की श्रद्धांजलि सभा अर्बन हाट में हुई। प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने कहा कि राधेश्याम जी का जीवन सरलता, सहजता, समर्पण और सेवा संकल्प की अनूठी मिसाल है। उन्होंने कहा कि राधेश्याम ने अपनी अंतिम सांस तक संघ कार्य को सर्वोपरि रखा और स्वयंसेवकों से पारिवारिक और आत्मीय संबंध बनाकर उनकी प्रत्येक कठिनाई को दूर करने का प्रयास किया।

प्रांत संघचालक शशांक भाटिया ने कहा कि राधेश्याम का 28 सितंबर को निधन हो गया था। तीन दशक पूर्व पक्षाघात से पीड़ित होने के बाद भी वह सतत रूप से राष्ट्र के लिए चिंतन मनन करते रहते थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रांत सह कार्यवाह राजपाल ने किया और बताया कि राधेश्याम ने शाखा के मुख्य शिक्षक से लेकर क्षेत्रीय अधिकारी तक के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल गंगवार, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के हरिशंकर गंगवार, धर्म जागरण के प्रांत संपर्क प्रमुख राकेश शर्मा, सामाजिक समरसता संयोजक परशुराम, कृष्णा देवी, डॉ. ओपी महाजन, डॉ. विवेक समेत अनेक वक्ताओं ने राधेश्याम के जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। विभाग संघचालक ओमप्रकाश, विभाग सह संघचालक राजकुमार, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान, महानगर प्रचारक मयंक साधु, महानगर सह संघचालक अनुपम खंडेलवाल, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक डीसी वर्मा, दुर्गेश गुप्ता, अखिल टंडन, मुरारी लाल, अशोक वैश्य, वीरेंद्र अटल, देवराज, सूरज गुप्ता, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






## शहर में आज

- आनंद आश्रम में पं. पंडित बृजेश पाठक द्वारा राम कथा सुबह 8:45 से।
- बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष उप्र राज्य महिला आयोग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक दोपहर 12 बजे और जिला महिला अस्पताल में कार्यक्रम दोपहर 2 बजे।
- आईआईए की बैठक अर्बन हाट में सुबह 9:30 सुबह बजे।
- जिला पंचायत बोर्ड की बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता सुबह 11 बजे।
- इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ का नारी शक्ति मेला वुमनिया मेयफेयर लॉन डोहरा रोड में शाम 4 बजे से।
- वाल्मीकि सद्भावना मेला माधोबाड़ी नई बस्ती रात 8 बजे।
- स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में दिव्य गीता सत्संग सुबह 7 बजे से।
- 69वीं जनपदीय विद्यालय एथलीट प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम सुबह 11 बजे।
- स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से निशांत क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से।
- साहू रामस्वरूप कन्या महाविद्यालय में योग की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से।
- प्रदेश स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए बरेली मंडल टीम का चयन स्पोर्ट्स स्टेडियम में शाम 4 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### वाल्मीकि मंदिर में भंडारे का आयोजन

**सीबीगंज, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर सीबीगंज स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के आयोजन में मुख्य रूप से बहोरन लाल वाल्मीकि, जागन लाल प्रजापति, दिनेश वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि आदि का योगदान रहा।

# वाल्मीकि सद्भावना मेले में स्टार नाइट में सुनील पाल ने बांधा समा

## सांसद छत्रपाल गंगवार ने किया उद्घाटन, अभिनेता मुकेश जे भारती ने बरेली शहर से जुड़ी यादें की साझा, दर्शकों ने जमकर उठाया आनंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 45वें वाल्मीकि सद्भावना मेले में मंगलवार को दूसरे दिन स्टार नाइट आकर्षण का केंद्र रही। मेले में दिनभर बालक-बालिकाओं की कविता, निबंध और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वहीं शाम को रामायण पाठ, हवन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

स्टार नाइट में कॉमेडी सर्कस फेम हास्य कलाकार सुनील पाल ने अपने प्रसिद्ध किरदार रतन नूरा के जरिए दर्शकों को ठहाकों से लोटपोट कर दिया। अपने व्यंग्यात्मक अंदाज में उन्होंने समाज को संदेश भी दिए। वहीं बॉलीवुड अभिनेता मुकेश जे भारती ने बरेली शहर से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया और अभिनेत्री मंजू भारती ने अपनी आगामी फिल्मों की जानकारी दी और गीतों पर नृत्य कर दर्शकों की सराहना बटोरी। दिल्ली से आए डांस ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मेले की रौनक बढ़ाई।

दूसरे दिन मेले का उद्घाटन सांसद छत्रपाल गंगवार और वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि मेले केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और सद्भाव का प्रतीक हैं। बरेली का वाल्मीकि सद्भावना मेला पूरे प्रदेश में सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देता है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि वाल्मीकि समाज ने सदैव समाज को दिशा दी है। वाल्मीकि रामायण आज भी स्वस्थ परिवार और आदर्श समाज की प्रेरणा देती है।


लोगों को हंसाते सुनील पाल।


प्रस्तुति देते मुकेश जे भारती व मंजू भारती।


कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और मेले के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाल्मीकि प्राकट्योत्सव पर शासकीय अवकाश की घोषणा समाज के सम्मान का प्रतीक है। वाल्मीकि के बिना न राम होते, न उनके आदर्श। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ व विश्वस्तरीय बनाने में वाल्मीकि समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मेला सामाजिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण है। मीडिया प्रभारी विकास महर्षि ने बताया कि बुधवार को अंतिम दिन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और रामायण पाठ के साथ विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, मेला समिति के मनोज थपलियाल, दक्ष शर्मा पाराशर, राजेंद्र गुप्ता, आकाश पुष्कर, योगेश बंटी, बंटी सिंह, कवल विग, अनिल नायर, विक्रम सिंह, रूपेश थपलियाल, राकेश थपलियाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

## भक्ति, एकता और गंगा-जमुनी तहजीब का हुआ भव्य संगम, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा प्रबंधन समिति की ओर से महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिटी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर से शुरू हुई। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल व शोभायात्रा अध्यक्ष अंशु आर्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शोभायाच को रवाना किया।

यात्रा बिहारीपुर, किशोर बाजार, रोडवेज, श्यामगंज, माधवबाड़ी मार्ग होते हुए ब्रह्मपुरी वाल्मीकि सद्भावना मेला स्थल पहुंची। जहां मेला अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल देखने को मिली। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समाज के लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की और जल, शरबत व मिष्ठान का वितरित किए। शोभायात्रा में चंदौसी का प्रसिद्ध माता काली अखाड़ा, मुरादाबाद, बदायूं व दिल्ली से आई विशेष झांकियां, सर्व धर्म एकता समिति का सामाजिक सद्भाव का एकता रथ और आर्य परिवार बरेली की भारत माता झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। देवी-देवताओं के रूप में सजे बच्चों और युवाओं ने सबको आकर्षित किया। शहर में शोभायात्रा देखने सैकड़ों की भीड़ उमड़ी। बरेली कालेज चौराहा पर डीजे की ताल पर युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी के साथ फोर्स मुस्तैद रही। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री उमेश कठेरिया, डॉ. पवन सक्सेना, पुष्पा पाण्डेय, प्रशांत पटेल, योगेश कुमार बंटी, विशाल सिंह बिंदु, अंकित आर्य, विजय वाल्मीकि, सौरभ वाल्मीकि, राजेश अग्रवाल, अजय रत्नाकर, हरि सिंह वरदान, हरीश बाबू वाल्मीकि,पारस सिंह, आकाश पुष्कर, अंकुश आर्य सहित अन्य मौजूद रहे। शोभायात्रा के समापन पर उत्कृष्ट झांकियों को सम्मानित किया गया।

● मेयर, विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी


वाल्मीकि शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाते मेयर उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल महर्षि वाल्मीकि की झांकी। ● अमृत विचार

# समाज को आज भी दिशा दे रहे महर्षि वाल्मीकि के विचार

● सपा के जिला कार्यालय पर वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर विचार गोष्ठी में बोले शिवचरन कश्यप

**बरेली, अमृत विचार :** सपा के जिला कार्यालय पर मंगलवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव दिवस पर विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं और उन्होंने सिखाया कि कर्म और आचरण से ही व्यक्ति की पहचान बनती है, न कि जन्म से। वर्तमान समय में जब समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब वाल्मीकि जी के समरसता, भाईचारे और समानता के विचार पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं।

महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को यह सिखाया कि बदलाव की शुरुआत व्यक्ति स्वयं से करता है और शिक्षा, सत्य और कर्म ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंबेडकर वाहिनी सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मानवता को समानता, आत्मसम्मान और न्याय का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव, अमित राज यादव, राजेश मौर्य, अशोक यादव, पं. दीपक शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, मनोहर पटेल, मोहित भारद्वाज, संजीव कश्यप, हरविंदर सिंह, आरिफ कुरैशी, हरिओम प्रजापति, जितेंद्र मुंडे आदि मौजूद रहे।


सपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### वृद्धाश्रम में मनाई वाल्मीकि जयंती



**बरेली, अमृत विचार :** शिवधाम कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के अधीक्षक एमएस यादव ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-चरित्र के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि हमारे आदर्श हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक धार्मिक ग्रंथ होने के साथ नैतिक मूल्यों और आदर्शों का ज्ञान देने वाली पवित्र पुस्तक भी है। प्रबंधक कांता गंगवार ने वृद्धाश्रम में रहने वालों से रामायण पढ़ने और उसका अनुसरण करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम रचना, रुचि, मनोज कुमार, रवि मिश्रा, संतोष कुमार, भक्ति सिंह, जुगेंद्र सिंह सहित सभी वृद्धजन मौजूद रहे।

### महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर सीबीगंज की वाल्मीकि बस्ती में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके पद चिह्नों पर चलकर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. विनोद पागरानी ने कहा कि उनका नाम युगों युगांतर तक लिया जाएगा। इसके बाद भव्य महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई, जो इंद्रानगर कालोनी से शुरू होकर महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। मंदिर पर पूजा अर्चना करने के शोभायात्रा स्वाले नगर, किला, सिटी मंडी पर पहुंची। लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर चौधरी चंदन प्रताप, पार्थ गौतम, कुंवर कार्तिक पटेल, ऋषि पाल वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सुदेश वाल्मीकि, रोहित वाल्मीकि, राजेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं ने अनुभव, संघर्षों एवं आत्मनिर्भरता की यात्रा साझा की



**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से रेलवे कॉलोनी में मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षत पार्षद सुधा सक्सेना ने बताया कि महिलाओं के वाद संवाद सत्र में उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव, संघर्षों एवं आत्मनिर्भरता की यात्रा साझा की। कई महिलाओं ने समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने वाली कहानियां साझा कीं। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के सुपरवाइजर निखिल कुमार, ओम निवास व उनकी टीम उपस्थित रही। साथ ही मिशन से उदित बालियान, एकता महिला स्वयं सहायता समूह से अंजू भारद्वाज और मदन मोहन वेल्फेयर सोसायटी से वैष्णवी व उनकी टीम की भी सहभागिता रही। इस मौके पर लता सारस्वत, शेफाली, मीनू, पुष्पा लावियन, नंदिनी राज कलेक्शन, बिंदु मिश्रा, अपर्णा सक्सेना, आराधना शर्मा ,,प्रेमा बिष्ट ,पायल मजूमदार, शिवानी भट्टाचार्य व बुलबुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



### बालाजी मंदिर में भंडारे का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित श्री बालाजी दरबार एवं श्री सीताराम दरबार मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक मंदिर महंत इंद्रप्रकाश गोस्वामी एवं अमर चंद्र गोस्वामी ने बताया भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ गोस्वामी, गौरव गोस्वामी, प्रांजल गोस्वामी, विराट सक्सेना, राजकुमार सिंह, जगपाल श्रीवास्तव आदि लोगों का सहयोग रहा।



### करवाचौथ का त्योहार मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** करवा चौथ के उपलक्ष्य में एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में वैश महिला क्लब की सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर दीप प्रज्ज्वलित कर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्लब अध्यक्ष कल्पना अग्रवाल ने सभी सखियों को करवा चौथ व दीपावली की शुभकामनाएं दीं और गिफ्ट वितरित किए। कार्यक्रम में स्वाति, सविता, अर्चना, अलका, लता, रेखा, सुषमा, गीता, संध्या आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

# गायक मुकेश के गीतों पर सुदेश बेरी ने बांधा समा


मुकेश गायन प्रतियोगिता में अभिनेता सुदेश बेरी के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● संरक्षक अजय शुक्ला ने सुदेश बेरी के फिल्मी सफर के बारे में बताया

**अमृत विचार :** बुलेट ऑर्केस्ट्रा ने मुकेश की याद में मंगलवार शाम शहर के एक गार्डन में ''यादगार मुकेश गायन प्रतियोगिता'' का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि गोपेश अग्रवाल और जगदीश पाटनी रहे। कार्यक्रम में अभिनेता सुदेश बेरी ने मुकेश के गीतों को अपनी आवाज में प्रस्तुत कर समा बांध दिया। संरक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि सुदेश बेरी के फिल्मी सफर के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि 43 साल से यह कार्यक्रम न केवल गायक मुकेश को श्रद्धांजलि है, बल्कि उन सभी संगीत साधकों के प्रति आभार है जो संगीत को जीवन मानते हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वुमनिया मेला की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ की ओर से दो दिवसीय वुमनिया नारी शक्ति मेला की शुरुआत मंगलवार को डोहरा रोड स्थित मेयफेयर लॉन में की गई। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष प्रीति जिंदल और उनकी टीम ने विधायक संजीव अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री डॉ. नीलू मिश्रा व पूर्व चेयरमैन रेनू अग्रवाल का पटका पहनाकर, स्मृति चिह्न व बुके देकर सम्मान किया।

सचिव मनीषा पांडेय ने बताया कि मेले का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्व-रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। मेले में आकर्षक डांस प्रतियोगिता, फूड कॉर्नर, बच्चों के झूले और विभिन्न हैंडिक्राफ्ट स्टॉल लगाए गए हैं। क्लब की ओर से संचालित सिलाई केंद्र की महिलाओं ने अपने हाथों से बने कपड़े के थैले और अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी की। विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना वास्तव में नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण है। मेले के दूसरे दिन इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. शुचि सक्सेना मुख्य अतिथि होंगी। प्रसिद्ध लेडी किलर बैंड की डांडिया नाइट और बेबी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र होगी। मेले में कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल, प्रीति खंडूजा, रंजना ठाकुर, कविता अग्रवाल, रति गुप्ता, नेहा टंडन, सीमा अग्रवाल, बीना खंडेलवाल, ऋतु कपूर और सुनीता वार्ष्णेय सहित क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं।


वुमनिया मेले की शुरुआत करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

● मेले में विभिन्न हैंडीक्राफ्ट स्टाल लगाए गए, जमकर हुई बिक्री

# करवाचौथ पर गिफ्ट देने की तैयारी में जुटे हैं सजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**अमृत विचार :** करवा चौथ पर सजना के लिए सजने के लिए महिलाएं शॉपिंग में जुटी हुई हैं। वहीं पति भी अपनी सजनियों को गिफ्ट देने की तैयारी कर रहे हैं। करवा चौथ पर गिफ्ट देने के लिए मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से लेकर फोटो फ्रेम तक खरीदे जा रहे हैं।

सिविल लाइंस स्थित बटलर प्लाजा, कुतुबखाना, संजय नगर और शहर की मुख्य बाजारों में गिफ्ट, मोबाइल एसेसरीज की दुकानों पर लोग गिफ्ट खरीदने पहुंच रहे हैं। मोबाइल फोन और एसेसरीज की दुकानों पर ज्यादा भीड़ है। दुकानदारों के अनुसार पिछले सालों की भांति इस साल भी करवाचौथ पर मोबाइल फोन की ज्यादा डिमांड है। मोबाइल फोन के अलावा, नेकबैंड, ईअरबड्स, स्मार्ट वाच के साथ ही कई तरह के गिफ्ट ले रहे हैं। वहीं, गिफ्ट वाले दुकानदारों ने बताया कि अभी लोग कम आ रहे है, बुधवार से ग्राहकों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि लोग अपने बजट के हिसाब से गिफ्ट खरीद रहे हैं। कपल के इलेक्ट्रॉनिक फोटो फ्रेम को गिफ्ट में लोग ज्यादा खरीदते हैं। जिन लोगों की नई-नई शादियां हुई वह कपल गिफ्ट खरीदना पसंद करते हैं। वहीं ज्यादा उम्र के पुरुष अपने अनुसार कपल लेना पसंद करते हैं। कुछ लोग इलेक्ट्रॉनिक झरने, झूमर, आर्टिफिशियल प्लांट, प्राकृतिक प्लांट भी खरीद रहे हैं।

● गिफ्ट को कपल फ्रेम, कपल डोम, पेंटिंग्स पैक करवा रहे पति



मोबाइल की दुकान पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


गिफ्ट की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


हमारे पास सैकड़ों तरह के गिफ्ट मौजूद हैं, ग्राहक अपनी उम्र और पत्नी की पसंद के अनुसार गिफ्ट खरीदते हैं। गिफ्ट खरीदते समय लोग पत्नी की खुशी के साथ-साथ उसकी जरूरत का भी ध्यान रख रहे हैं। - ज्ञानेश मौर्य


करवाचौथ पर पत्नियों को गिफ्ट देने का ट्रेंड खूब चल रहा है। ग्राहक अपने बजट और अपनी पत्नी की पसंद के गिफ्ट पैक कराकर ले जाते हैं। वहीं नेकबैंड, ईअर बड्स, स्मार्ट वाच भी लोग खरीद रहे हैं। - ऋषि सिंह


करवाचौथ पर पत्नी को गिफ्ट देने के लिए मोबाइल फोन की सबसे ज्यादा डिमांड है। अधिकतर लोग 5 जी स्मार्ट फोन ही खरीद रहे हैं। इसके साथ ही कई लोग मोबाइल एसेसरीज भी खरीद रहे हैं। - संदीप मेहरा


हमारे यहां लोग पत्नियों को गिफ्ट देने के लिए मोबाइल फोन खरीदने आ रहे हैं। वह 11 हजार से 25 हजार रुपये की कीमत वाले मोबाइल ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। -अमित जायसवाल